7 से 21 मई, 2018

SINCE 1998

टेक्सटाइल वर्ल्ड Corporate

# क्रिएटिविटी एवं क्वालिटी का बेजोड़ संगम

Qmax WORLD ®



श्री सुनील कुमार टिबरेवाल



श्री अंकित टिबरेवाल

मुम्बई/ यूनिफॉर्म फैब्रिक के अन्तर्गत Qmax WORLD आज भारतीय उपभोक्ताओं में लोकप्रियता के शिखर पर नजर आने लगा है। जिसका सबसे बड़ा कारण कम्पनी ने कभी भी क्वालिटी के साथ समझौता नहीं किया। आज टेक्सटाइल जगत में Qmax WORLD ने क्वालिटी को ही अपना आधार बनाया और सम्पूर्ण भारत की मण्डियों में अपने मजबूत नेटवर्क को स्थापित करने में सक्षम रहा। **Quality Maximized** हमारी टैग लाइन है।

वर्ष 1982 में इस सूक्ष्म पौधे की नींव Qmax सिंथेटिक्स प्रा.लि. के चेयरमैन श्री सुनील कुमार टिबरेवाल ने रखी और अपने मजबूत इरादों के साथ सूटिंग शर्टिंग फैब्रिक क्षेत्र में कदम रखा। धीरे-धीरे व्यापार में बढ़ोतरी होती गयी और उनके सुपुत्र श्री अंकित टिबरेवाल ने व्यवसाय में कदम रखा और अपनी संयमित वाणी, ठोस गणना, इन्टरनेशनल पढ़ाई के माध्यम से व्यापार को काफी आगे पहुंचाया है। तत्पश्चात् निरन्तर प्रगति के नये आयाम तय करते गये और Qmax WORLD के नाम से अपना ब्राण्ड मार्केट में लॉञ्च किया जो आज सम्पूर्ण भारत की मण्डियों में बिना रुके आगे बढ़ रहा है।



## "प्रॉडक्ट डवलपमेण्ट, गुणवत्ता, प्राइस एवं रिलेशन जैसे मूलमंत्रों पर कटिबद्ध"

**क्यूमेक्स ही क्यूं** - कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सुनील कुमार टिबरेवाल ने बताया कि हमने हमारे ब्राण्ड का नाम क्यूमेक्स इसलिए रखा कि 'Q' यानि हम जो फैब्रिक बनाते हैं वह 'क्यूं' बना रहे हैं, किसके लिए बना रहे हैं? इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए आवश्यक है कि हमारी क्वालिटी बेहतर हो, हम ग्राहकों को क्वालिटी फैब्रिक दें और ग्राहक हमें क्वालिटी फैब्रिक के लिए जाने। हमारी मेहनत और पिताश्री के अथक प्रयासों की वजह से आज एक सूक्ष्म पौधा वटवृक्ष की तरह सम्पूर्ण भारत में छाया हुआ है। हमने कभी भी क्वालिटी से समझौता नहीं किया।

**मूल उद्देश्य** -श्री टिबरेवाल ने बताया कि हमने शुरुआत से ही चार मूल उद्देश्य पर कार्य किया है। जिसमें सर्वप्रथम है प्रॉडक्ट डवलपमेण्ट जिस पर हमने विशेष ध्यान दिया। नये-नये प्रॉडक्ट अपने व्यापारियों के लिए मार्केट में पेश करते हैं। हर सीजन को ध्यान में रखते हुए हर क्षेत्र के लिए उनके हिसाब से नयी रेंज डवलप की जो व्यापारियों को काफी पसंद आती है। क्योंकि वो उनके हिसाब से उनके एरिया के टेस्ट की होती है। दूसरा उद्देश्य है गुणवत्ता, शुरुआत से ही हमने कभी भी क्वालिटी के साथ समझौता नहीं किया। हमारी पूरी टीम इस रिसर्च पर स्वयं वर्किंग करती रहती है। फैब्रिक की गुणवत्ता के लिए क्या प्रयास किए जाएं, उसे और बेहतर बनाने के लिए किन चीजों की आवश्यकता पड़ती है जैसे यार्न, वीविंग तथा बेहतर फिनिश, यह सब निसंकोच हमारी टीम ने किया है। आज हम अग्रणी पायदान पर खड़े हैं। तीसरा उद्देश्य प्राइस, जो कि सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु है। हमने हमेशा से क्वालिटी प्रॉडक्ट मार्केट में पेश किया और व्यापारियों को वाजिब दाम पर फैब्रिक सप्लाई करते हैं। जहां जो कॉस्ट आनी होती है वहां व्यापारी भी समझता है फिर भी वह हमारे साथ जुड़ा हुआ है। चौथा और अन्तिम उद्देश्य रिलेशन है, जो कम्पनी के चेयरमैन श्री सागर प्रसाद जी टिबरेवाल के पद चिन्हों पर चलते हुए हमें प्राप्त हुए हैं। आज हर व्यापारी के मन में हमारे लिए इज्जत बनी हुई है। हम उन्हें अपना समझ कर कार्य करते हैं। उनके टेस्ट तथा समय पर डिलिवरी देना हमारा मूलमंत्र है। हमने अपने व्यापारियों के साथ एक प्रगाढ़ संबंध बनाया है। इन्हीं मूल उद्देश्यों के प्रति हम हमेशा से ही सजग रहते हैं और अपने व्यापारियों के लिए हमेशा खड़े रहते हैं।

**यूनिफॉर्म ब्राण्ड Qmax WORLD** -श्री टिबरेवाल ने बताया कि Qmax WORLD ब्राण्ड के अन्तर्गत यूनिफॉर्म फैब्रिक का बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जा रहा है तथा हर बार नया डवलपमेण्ट पेश किया जा रहा है। Qmax WORLD नाम इसी सोच के साथ रखा गया कि फैब्रिक और गारमेण्ट के बीच स्टाइल भी सबसे अहम है। हम मार्केट में फैब्रिक सप्लाई करते हैं और गारमेण्टर उस फैब्रिक को सिलकर उसे मार्केट में सप्लाई करते हैं इस बीच हम उस फैब्रिक को पोस्टर डिजाइंस पर स्टाइल के साथ पेश करते हैं कि बच्चे इस यूनिफॉर्म में किस प्रकार दिखाई देगें। और आज इसमें हमें महारत हासिल है इसके लिए हमने अनेक कैटलोग विभिन्न रंगों एवं विभिन्न पैटर्न में मार्केट में उपलब्ध कराए हैं। ये इतने आकर्षक हैं कि देखने वाले की निगाहें मानों रूक सी गयी हो। आज कैटलोग की विशेषताओं की बदौलत हमें बेस्ट क्रिएटिव अवॉर्ड, गोल्ड कैटेगरी अवॉर्ड, स्टार राइजिंग जैसे अवॉर्ड हासिल कर लेने के बाद Qmax WORLD का क्वालिटी ग्राफ और भी ऊंचा हो गया है और क्रिएटिव की रफ्तार मानो और भी तेज हो गयी है।

**उड़ान 2018** - श्री टिबरेवाल ने बताया कि इस वर्ष हमारे द्वारा कई जगह पर कॉन्फ्रेंस की गयी जो काफी सफल रही है। उड़ान 2018 की परिकल्पना से हमें बेहद अच्छा रिस्पोंस मिला। नये-नये व्यापारियों से जुड़ने का मौका मिला। कॉन्फ्रेंसों के दौरान इस सीजन हेतु पेश किये गये नये डवलपमेण्ट्स को व्यापारियों ने सराहा तथा भरपूर ऑर्डर मिले।

**अनुभवी टीम** - श्री टिबरेवाल ने बताया कि हमारे पास नई-नई डिजाइनों के लिए कुशल और प्रतिभाशाली डिजाइनरों की टीम है जो नए-नए विचारों को असलीजामा पहनाती है। उनके सुझावों और डिजाइन बदलते ट्रेण्ड और दौर के साथ स्पर्धा से प्रेरित होते हैं। Qmax WORLD को कई नयी शुरुआत का श्रेय प्राप्त है। इसकी बदौलत कम्पनी ने टेक्सटाइल मार्केट में नये, नायाब और क्वालिटी फैब्रिक पेश किए है।

प्रतिभाशाली जोर्जियाटेक USA से B-Tech की डिग्री प्राप्त कर श्री अंकित टिबरेवाल के आने से Qmax WORLD की तरक्की का ग्राफ और भी तेजी से बढ़ रहा है। कम्पनी डोमेस्टिक मार्केट के साथ-साथ इण्टरनेशनल मार्केट में निरन्तर आगे बढ़ रही है।

# लुथाई इंडिया के बढ़ते कदम



Luthai

THE WORLD'S NO. 1 FABRIC

**बंगलुरु**/ अन्तरराष्ट्रीय मानचित्र पर अग्रणी टेक्सटाइल कंपनी लुथाई के भारत स्थित कार्यालय लुथाई इण्डिया, बंगलुरु द्वारा कम्पनी के उत्पादों का देश के उत्तर पूर्वी, ओडिशा, छत्तीसगढ़, हरियाणा आदि राज्यों में विस्तार की योजना है। यह जानकारी लुथाई इण्डिया, बंगलौर के श्री सुशील कोठारी ने दी।

कम्पनी के श्री राकेश कोठारी ने नवनियुक्त मार्केटिंग डायरेक्टर श्री सुरेन्द्र पारीक के बारे में बताया कि श्री पारीक के हमारे साथ जुड़ने से टेक्सटाइल के क्षेत्र में इनके 34 वर्षों के सकारात्मक अनुभव का कम्पनी के मार्केटिंग क्षेत्र में बेहतर सेवाएं प्रदान करने में हम सक्षम होंगे। इससे जहाँ एक ओर व्यापार को नयी गति मिलेगी वहीं दूसरी ओर व्यापारी स्तर पर संतुष्टि उच्च स्तर पर होगी जो कि किसी भी कम्पनी का मेरुदंड होती है।

अन्तरराष्ट्रीय बाजार में शर्टिंग फैब्रिक में प्रथम स्थान पर लगातार बने रहने के लिए कड़ी मेहनत और हर रोज नयी परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है और लुथाई इसके लिए प्रतिबद्ध है।

लुथाई इण्डिया के बंगलुरु के वित्तीय संचालक श्री महेंद्र कोठारी ने 31 मार्च को समाप्त हुए वितीय वर्ष में सभी संकटों के बावजूद 25| की रिकॉर्ड ग्रोथ दर्ज होना बताया जो कि नोट बंदी और जी एस टी जैसे माहौल को दरकिनार करता है।

कंपनी शीघ्र ही अपने नए कलेक्शन की बुकिंग तिथियों की घोषणा करेगी जिसमें देश के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर बंगलुरु में अवलोकन कर दीवाली एवं शीत ऋतु हेतु अपने आर्डर बुक करा सकेंगे।

